विद्याज्ञान
॥ विद्या परम् ऐश्वर्यम् ॥

**एस0 के0 माहेश्वरी**
I.A.S. (Retd.)
परियोजना निदेशक, विद्याज्ञान

ए–9, सैक्टर–03, नौएडा
जनपद–गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0)
ई–मेलः maheshwari.surendre@gmail.com

पत्रांक संख्या : विद्याज्ञान / 2023–24 / XXXXX

**सूचना पत्र का नमूना**

दिनांकः 26.12.2023

**ओ0एम0आर0 / यूनीक नम्बर –XXXXXX अनुक्रमांक नम्बर–G-XXXXXXX**

**नाम ..................................पुत्र / पुत्री ..................................**
**दादा का नाम ......................................................................**
निवासी ग्राम....................................पोस्ट...........................
तहसील...................................जनपद.................................
पिन......................... दूरभाष ...............................................

**विषयः विद्याज्ञान स्कूल अकादमिक वर्ष–2024–25 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित मुख्य परीक्षा में सम्मलित होने हेतु सूचना।**

महोदय,

विद्याज्ञान स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित प्रारम्भिक लिखित परीक्षा के मूल्यांकन के उपरान्त अभिज्ञात किये गये श्रेष्ठ मेधावी विद्यार्थियों के मध्य मुख्य परीक्षा इस पृष्ठ के पीछे संलग्न विवरण (पहुँच मार्ग का मानचित्र आदि संलग्न) के अनुसार नियत परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं नियत समय पर अपने होनहार को आगे वर्णित तैयारी के साथ पहुँचा कर मुख्य परीक्षा 2024–25 में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।

2. मुख्य परीक्षा 'लिखित परीक्षा' के रूप में होगी । आपको यह परामर्श दिया जाता है कि कृपया परीक्षार्थी के परीक्षा कक्ष में पहुँचने से पूर्व निर्देषों का गहन अध्ययन अवश्य कर लें जिससे परीक्षार्थी में आत्म विश्वास जागृत हो सकेगा । इस पत्र में अंकित उपरोक्त यूनीक नम्बर' / 'अनुक्रमांक के आधार पर ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश प्राप्त हो सकेगा।

3. विद्याज्ञान स्कूल में **कक्षा 6** में प्रवेश प्रक्रिया अर्न्तगत मुख्य परीक्षा लिखित परीक्षा के रूप में होगी । परीक्षा प्रक्रिया अर्न्तगत सम्पूर्ण प्रश्न पत्र विषयवार 4 खण्डों में विभाजित होगा और प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सम्भावित उत्तर के विकल्प होगें। परीक्षार्थी को उनमें से किसी एक को चयन कर सही उत्तर को उत्तर पुस्तिका (OMR Sheet) पर दर्शित उपयुक्त गोले को काला कर उत्तर देना है। परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र के प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

4. **अनिवार्यता –** आवेदक एवं अभिभावक (प्रत्येक के नाम सहित) के साथ आवेदक के आवास की पृष्ठभूमि में लिया गया फोटो की छाया प्रति, राजस्व विभाग द्वारा अभिभावक के पक्ष में निर्गत आय तथा स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की छाया प्रति, अभ्यार्थी का प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी प्रवेश पत्र, अभ्यर्थी आवेदन पत्र की छायाप्रति, अध्ययनरत विद्यालय के कक्षा 3, 4 तथा कक्षा 5 (अर्द्ध वार्षिक) के परीक्षाफल की छायाप्रति, शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत आयु सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति– इन सभी को संलग्न प्रपत्र पर अग्रिम रूप से भर कर साथ में लाकर मुख्य परीक्षा से पूर्व ही विद्याज्ञान परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से जमा किया जाना है। उपरोक्त अभिलेखों के अभाव में अथवा प्रवेश अपात्रता की स्थिति में अभ्यर्थी एवं एक अभिभावक को साधारण श्रेणी का यात्रा व्यय अनुमन्य नहीं होगा।

इस सम्बन्ध म्बंध में अन्य जानकारी विद्याज्ञान के टोल फ्री नं0 **1800–102–1784 / 91–5862350101 / 9634098003** से भी ज्ञात की जा सकती है।

भवदीय,
**ह0**
**(एस0 के0 माहेश्वरी)**
**परियोजना निदेशक**

संलग्नक : 1. अभिलेख जमा करने सम्बन्धी प्रपत्र
2. यात्रा व्यय धनराषि को बैंक खाते में हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रारूप

# विद्याज्ञान प्रवेश मुख्य परीक्षा अकादमिक वर्ष – 2024–25

विद्याज्ञान में प्रवेश हेतु नियत **मुख्य परीक्षा,** पूर्व में आयोजित 'प्रारम्भिक लिखित परीक्षा' दिनांक 03.12.2023 की भांति ही लिखित रूप में होगी। लिखित परीक्षा प्रक्रिया अर्न्तगत, सम्पूर्ण प्रश्न पत्र विषयवार 4 खण्डों में विभाजित होगा और प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सम्भावित वैकल्पिक उत्तर होंगें और परीक्षार्थी द्वारा सही उत्तर का चयन कर उत्तर पत्रक (OMR Sheet) में प्रदर्शित उपयुक्त गोले को काला कर के उत्तर देना है। आवेदन पत्र के साथ संलग्न उत्तर पत्रक (OMR Sheet) का नमूना को देखें। उत्तर पत्रक (OMR Sheet) के नियत स्थान पर अभ्यार्थी को अपना प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा का उत्तर पत्रक (OMR Sheet) शीट नम्बर/इस पत्र में वर्णित यूनिक नम्बर/परीक्षार्थी का नाम तथा पिता एवं दादा जी का नाम भी लिखना है। मुख्य परीक्षा में कक्षा 4 एवं 5 स्तर पाठ्यक्रम भाषा, गणित, संबंधित विषयों के विचार (Concept) को समझने तथा समस्या निराकरण संबंधी निपुणता का परीक्षण निम्नलिखित / विभिन्न क्षेत्रों में किया जायेगा :–

**भाषा एवं शब्द ज्ञान (Hindi and English Languages), गणित एवं विज्ञान, सामान्य ज्ञान एवं समझ, मानसिक योग्यता, विश्लेषणात्मक, अनुप्रयोग तथा निष्कर्ष निपुणता (Mental Ability, Analytical, Applications, Conclusion skills) परीक्षार्थी को प्रश्न–पत्र के प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

**अभ्यार्थी को अपने प्रवेश पत्र के अतिरिक्त अभिभावक के पक्ष में निर्गत आवश्यक अभिलेख जो साथ में लाने अनिवार्य हैं :–**

| | |
|---|---|
| 1. राजस्व विभाग द्वारा निर्गत आय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। | 2. राजस्व विभाग द्वारा निर्गत स्थायी निवास की छायाप्रति। |
| 3. विद्यार्थी हेतु शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत आयु प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। | 4. कक्षा 3, 4 तथा 5 (अर्द्ध वार्षिक) का परीक्षाफल की छायाप्रति। |
| 5. अभ्यार्थी की पहचान के लिये विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थी के आवेदन–पत्र की छाया प्रति तथा प्रारम्भिक परीक्षा का प्रवेश पत्र | 6. अभिभावक के बैंक पास–बुक के प्रथम पृष्ठ (जहाँ **IFSC** कोड संख्या मुद्रित होती है) की पढ़ने योग्य छायाप्रति |

**नोटः 1, यदि अभ्यार्थी द्वारा आय तथा स्थायी निवास सम्बधी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति परीक्षा के दिन जमा नहीं कराई जाती है तो चयन प्रक्रिया के अगले चरण से वंचित हो जावेगें । उपरोक्त अभिलेखों के अभाव में अभ्यर्थी एवं एक अभिभावक को साधारण श्रेणी का यात्रा व्यय अनुमन्य नहीं होगा।**

**2. प्रत्येक छायाप्रति तथा संलग्नक पर विद्यार्थी के अनुक्रमांक तथा इस सूचना पत्र में सबसे पहले वर्णित 'यूनिक नम्बर', प्राथमिक परीक्षा का उत्तर पत्रक (OMR Sheet) नम्बर लिखना अनिवार्य है।**

**उपरोक्त सभी प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों को इस पत्र के साथ संलग्न " अभिलेख प्राप्ति प्रारूप " पर अग्रिम रूप से ही भर कर साथ में लाना है और परीक्षा केन्द्र पर जमा कर अपने संदर्भ हेतु रसीद प्राप्त कर लेनी है।**

**3. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल तथा कैलकुलेटर लेकर आना वर्जित है, अन्यथा परीक्षा कक्ष से निष्कासित कर दिया जायेगा।**

**4. विद्यार्थियों को बीच में परीक्षा छोड़ने की अनुमति नहीं है तथा परीक्षार्थी नियत अवधि पर ही परीक्षा कक्ष से बाहर आ सकेंगे। अभिभावकों से अनुरोध है कि परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त केन्द्र के बाहर नियत समय पर पहुँचकर विद्यार्थी को साथ ले जावें।**

(एस0 के0 माहेश्वरी)
परियोजना निदेशक विद्याज्ञान

**SAMPLE**

## मुख्य परीक्षा संबंधी विवरण

**परीक्षा केन्द्र–विद्याज्ञान स्कूल**
**ग्राम दुल्हेरा, जेवर रोड, तहसील–सिकन्द्रबाद,**
**जनपद – बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश**

**परीक्षा तिथि : शनिवार 10 फरवरी , 2024**

**परीक्षा केन्द्र में पहुँचने का समय–प्रातः 08.00 बजे**
**अभिलेख जमा/पंजीकरण – प्रातः 08.30 बजे**
**परीक्षा समय – प्रातः 10.30 से 12.40 तक**

पहुँच मार्ग का चित्र

**परीक्षा केन्द्र स्थान–विद्याज्ञान स्कूल**
**ग्राम दुल्हेरा, जेवर रोड, तहसील–सिकन्द्रबाद,**